मुख्यमंत्री ने किया मुजफ्फरपुर में इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

6 अप्रैल, 2023 को बिहार उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौंड्रिक ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दक्षिण बिहार के मुजफ्फरपुर ज़िले के मोतीपुर में ग्रीन फील्ड अनाज आधारित इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया, जो 152 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौंड्रिक ने बताया है कि मोतीपुर में नये इथेनॉल प्लांट में 1,300 लोगों को रोज़गार मिलेगा। इसमें 300 प्रत्यक्ष रूप से और 1,000 अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ेंगे।
- विदित है कि एक वर्ष के अंदर यह दूसरा इथेनॉल प्लांट है, जिसका उद्घाटन हुआ है।
- उद्योग विभाग की ओर से बताया गया है कि बिहार भारत का अनाज आधारित इथेनॉल हब बनने की राह पर है। इसमें निकट भविष्य में उत्तर बिहार की अहम भूमिका होगी।
- सरकार की इथेनॉल नीति के तहत बिहार में कई और ग्रीन फील्ड प्लांट पूरा होने के करीब हैं। इसमें मुजफ्फरपुर में 2, नालंदा में 3, बेगूसराय में 1 और बक्सर में 1 इथेनॉल प्लांट जून, 2023 तक पूरा होने की संभावना जतायी गई है।
- विभागीय आँकड़ों के अनुसार, मोतीपुर स्थित इथेनॉल प्लांट से प्रतिवर्ष 10 करोड़ लीटर उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। पूरे प्लांट में 320 केएलपीडी (किलो लीटर पर डे) की संयुक्त क्षमता की मशीनों को लगाया गया है। एक साथ चार इथेनॉल प्लांट के शुरू होने के बाद यह आँकड़ा और बढ़ने की उम्मीद है।
- इस प्लांट के लगने से रोज़गार के साथ किसानों को भी इससे काफी लाभ होगा। इथेनॉल प्लांट में हर दिन सैकड़ों टन में मक्का या टूटे चावल की ज़रूरत होगी। इसकी खरीद के लिये किसानों से कंपनी सीधा संपर्क करेगी।
- ज्ञातव्य है कि मुजफ्फरपुर जिले में बड़े पैमाने पर मक्का की खेती होती है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर मक्के की मांग होने से किसानों को अच्छी कीमत मिल सकेगी। ज्यादातर बिचौलियों के कारण मक्का का उचित दाम नहीं मिल पाता है। वहीं पॉल्ट्री फीड प्लांट के लिये भी डीडीजी की उपलब्धता होगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-ethanol-plant-in-muzaffarpur